समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भारत के आक्रमण से क्रिकेट जगत मे भंय का माहौल, क्या PSL छोड़ देगें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ?

Publisher

Published on 07 May 2025

**पहलगाम हमले के जवाब मे भंारत ने पाकिस्तान को करारा झटका दिया है। अब इसका असर क्रिकेट जगत पर भी देखने को मिल रहा है। इसका असर वर्तमान मे चंल रही पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) पर भी देखने को मिल रहा है।**

पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके 9 आतंकी शिविरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और बताया गया है कि इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समूहों को बड़ा नुकसान हुआ है। बहावलपुर में कम से कम 30 आतंकवादी मारे गए हैं, जिससे पाकिस्तान में भय का माहौल पैदा हो गया है।

पाकिस्तान में आतंकवादियों ने पीएसएल को भी दी धमकी
पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी शिविरों पर जोरदार हमला किया है। इससे पाकिस्तान में भय का माहौल पैदा हो रहा है। इस हमले के बाद पाकिस्तान हिल गया है। इतना ही नहीं, उनके क्रिकेट टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) पर भी संकट के बादल छा गए हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का प्रसारण रोक दिया गया था। अब भारतीय स्ट्राइक के बाद संभावना है कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही रोक दिया जाएगा। पाकिस्तान ने लाहौर में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है और इस संदर्भ में, शेष पीएसएल मैच रद्द होने की संभावना है।

पीएसएल के शेष मैच कहां आयोजित किये जाने थे ?
पाकिस्तान सुपर लीग के मैच रावलपिंडी, कराची, मुल्तान और लाहौर में आयोजित किये गये। 34 में से 25 मैच खेले जा चुके हैं, 5 लीग मैच और 4 नॉकआउट मैच अभी बाकी हैं। अगले चार मैच रावलपिंडी में होने थे। एक मैच मुल्तान में होना था, जबकि नॉकआउट और फाइनल मैच लाहौर में होने थे। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 18 मई को लाहौर में होना था। लेकिन अब ऐसी संभावना है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण पूरी पीएसएल प्रतियोगिता को निलंबित कर दिया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपना नाम वापस ले सकते हैं
लाहौर में आपातकाल की घोषणा और भारतीय हमले के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण माहौल के कारण कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पीएसएल से हट सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, इंग्लैंड के जेम्स विंस, न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और कई अन्य खिलाड़ी पाकिस्तान छोड़ने का फैसला कर सकते हैं। यदि ये खिलाड़ी हट जाते हैं तो पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है। पहले से ही असुरक्षा के आरोपों से घिरे पाकिस्तान में अब क्रिकेट भी खतरे में है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect,

publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.